

# बानापुरा के प्राचीन खेड़ापति मंदिर में चोरी, ताला तोड़ा

## डॉग स्क्वायड की मदद से पुलिस जुटा रही साक्ष्य

**सिवनी मालवा, 26 अगस्त. सिवनी मालवा की उपनगरीय बानापुरा स्थित प्राचीन खेड़ापति मंदिर में ताला तोड़कर दान पेटी सहित अन्य सामग्री चोरी किए जाने का मामला सामने आया है. घटना के बाद श्रद्धालुओं में नाराजगी है. श्रद्धालुओं ने पुलिस से आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी करने और चोरी गई सामग्री बरामद करने की मांग की है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह पूजा के लिए मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ देखा. अंदर जाने पर दान पेटी सहित मंदिर की अन्य सामग्री से छेड़छाड़ किए जाने की जानकारी सामने आई. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल को सुरक्षित कर जांच शुरू की.

पुलिस ने चोरों तक पहुंचने के लिए घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए. एफएसएल टीम द्वारा मौके की जांच की गई, जिसमें कुछ फिंगरप्रिंट मिलने की बात सामने आई है. इसके साथ ही पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से भी आसपास के क्षेत्र में जांच की. डॉग स्क्वायड मंदिर से कुछ दूरी तक पहुंचा, जहां चोरी की गई ढोलक पड़ी मिली.

पुलिस टीम ने मंदिर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. फुटेज में दो युवक मंदिर की गली से जाते हुए दिखाई दे रहे हैं. पुलिस इन फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने में जुटी है. वहीं कुछ संदिग्धों को थाने बुलाकर पूछताछ भी की जा रही है.

### आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी

थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दो युवक मंदिर का सामान ले जाते हुए दिखाई दिए हैं. मंदिर की ढोलक कुछ दूरी पर मिली है. अन्य सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं. पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करने की दिशा में जांच कर रही है.


## 31 अगस्त से कृषि उपज मंडी में शुरू होगी नीलामी

**इटारसी.** कृषि उपज मंडी समिति, इटारसी में भुजरिया पर्व और रविवार के अवकाश के चलते कृषि उपज की नीलामी का कार्य दो दिन बंद रहेगा. मंडी समिति के अनुसार व्यापारी एसोसिएशन एवं हम्माल-तुलावटी संगठन की मांग पर 29 अगस्त शनिवार को भुजरिया पर्व के कारण नीलामी कार्य पूरी तरह बंद रहेगा. इसके बाद 30 अगस्त रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने से मंडी में नीलामी नहीं होगी. मंडी प्रशासन और सचिव ने क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए 29 और 30 अगस्त को कृषि उपज विक्रय के लिए मंडी प्रांगण में न लाएं. मंडी में नीलामी कार्य 31 अगस्त से सामान्य रूप से शुरू होगा.

# शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाने पर किया मंथन

## सांसद चौधरी ने रखे सुझाव

**इटारसी,26 अगस्त .नई दिल्ली के संसदीय सौंध में आयोजित शिक्षा समिति की बैठक में होशंगाबाद- नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सहभागिता की. बैठक में देश की शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुख बनाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई.**



शिक्षा में गुणवत्ता सुधार, आधुनिक तकनीक के उपयोग, कौशल आधारित शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया. सांसद चौधरी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण है. देश की प्रगति और आत्मनिर्भरता का आधार युवा शक्ति है, जिसे गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और संस्कारयुक्त शिक्षा के माध्यम से सशक्त किया जाना जरूरी है. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित रखने के बजाय उनमें कौशल, नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित की जानी चाहिए.

उन्होंने बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा में तकनीक और कौशल विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया. सांसद ने कहा कि युवाओं को

### उज्वल भविष्य की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंग

भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए शिक्षा व्यवस्था में निरंतर बदलाव और सुधार आवश्यक है. केंद्र सरकार के प्रयासों का उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना और भारत को ज्ञान एवं कौशल की वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करना है. उन्होंने विश्वास जताया कि शिक्षा समिति की बैठक में हुए सार्थक विचार-विमर्श और प्राप्त सुझावों से देश की शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने तथा विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे.



# सादगी और शालीनता से निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

**हरदा, 26 अगस्त. पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश के अवसर पर मुस्लिम समाज हरदा की ओर से ईद मिलादुन्नबी का जुलूस सादगी, अनुशासन और शालीनता के साथ निकाला गया. जुलूस में समाज के वरिष्ठजनों के साथ बड़ी संख्या में युवा और बच्चे शामिल हुए.**

समाजजनों ने हाथों में धार्मिक झंडे लेकर शांतिपूर्ण ढंग से जुलूस में सहभागिता की और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया. जुलूस का शुभारंभ स्थानीय जामा मस्जिद से हुआ.

# बढ़ती महंगाई के विरोध में जोरदार प्रदर्शन

**इटारसी,,26 अगस्त. ग्राम पथरोटा में बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय की उपस्थिति और केसला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय शुक्ला के नेतृत्व में प्रदर्शन किया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई पर तत्काल नियंत्रण की मांग उठाई.**



प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम आदमी का घरेलू बजट बिगड़ गया है. खाद्य सामग्री, सब्जियां, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल सहित रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम बढ़ने से गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है. उन्होंने कहा कि महंगाई आज आम जनता की सबसे बड़ी समस्याओं में शामिल है. सरकार को जनता की परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए महंगाई पर तत्काल नियंत्रण के कदम उठाने चाहिए. कांग्रेस आमजन के हितों की आवाज उठाती रही है और जब तक लोगों को महंगाई से राहत नहीं मिलती, पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा. प्रदर्शन में केसला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजय शुक्ला, रामप्रीत दादा, बसंत आसरे, बंटी राठौर, प्रदीप दुबे, धर्मेंद्र मालवीय, रामनारायण गौर, अजय मिश्रा, अनिल रैकवार, चंद्रकांत बहारे, अखिलेश पटेल, सुशील बस्तवार, राकेश यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### एक नजर में

## एमजीएम कॉलेज में भारत माता की आरती



**इटारसी.** शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से भारत माता की आरती और संपूर्ण 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन का आयोजन किया गया. विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया. प्रांत कार्य समिति सदस्य कुणाल सराठे ने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी का संकल्प दिलाया. उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण और सकारात्मक सोच विकसित करना है. आरुषि पटेल ने एबीवीपी से जुड़ने के बाद जीवन में आए सकारात्मक बदलावों और राष्ट्रवाद से मिली सीख साझा की.



## पुरानी इटारसी में रथ-कलश यात्रा का स्वागत

**इटारसी.** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम मेहरागांव (पुरानी इटारसी) में भव्य रथ यात्रा एवं कलश वंदन यात्रा निकाली गई. यात्रा का ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया. इस दौरान सामाजिक समरसता और भाईचारे का संकल्प लिया गया. मेहरागांव स्थित मंदिर में संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इसके बाद कलश लेकर पहुंचे शासकीय कर्मचारी नीरज सोनी, मोनी सेबेस्टियन सहित अन्य लोगों और मंदिर के सेवादार अनोखी लाल का भाजपा नेताओं ने शॉल-श्रीफल से स्वागत किया. भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज को समानता, सद्भाव और भाईचारे का मार्ग दिखाया.

# मिठाई और डेयरी प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

**हरदा, 26 अगस्त. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार को जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए अभियान चलाया. खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने हरदा और करताना के विभिन्न मिठाई एवं डेयरी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए.**

खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले ने बताया कि पुरोहित स्वीट, हरदा से बेसन लड्डू, मिल्क केक और मलाई बर्फी के नमूने लिए गए. करताना स्थित जय भोले रामदेव से मिल्क केक, मां नर्मदा डेयरी से पनीर और जय गजानन स्वीट से मिल्क केक एवं पेड़ा के नमूने लिए गए. वहीं इंदौर रोड स्थित राजस्थान मिष्ठान से मावा पेड़ा, मलाई बर्फी और केसर पेड़ा के नमूने लिए गए. सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जाएगा.

प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. खाद्य सुरक्षा अधिकारी कांबले ने बताया कि पूर्व में वासुदेव डेयरी, बेड़ियाकला से मावे का नमूना लिया गया था, जो अवमानक पाया गया। इस मामले में प्रकरण सक्षम न्यायालय में पेश किया जा चुका है.

# जुलूस में दिखी स्वच्छता की मिसाल

### जुलूस के पीछे चला सफाई अभियान

### परिषद ने बनाया आयोजन को जीरो वेस्ट

**नर्मदापुरम, 26 अगस्त . शहर में ईद मिलादुन्नबी का पर्व अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया. 12 रबी उल अव्वल के मौके पर विभिन्न मस्जिदों से जुलूस निकाले गए, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए इंदिरा चौक पहुंचे. यहां अंजुमन मुफीदुल इस्लाम कमेटी द्वारा जुलूस का समापन किया गया.**



इस बार आयोजन में आस्था के साथ स्वच्छता का संदेश भी दिया गया. मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के जिला अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अथर खान और जिला उपाध्यक्ष इमाम शाह के नेतृत्व में नगर कमेटी ने जुलूस को 'जीरो वेस्ट इवेंट' बनाने की पहल की. जुलूस के पीछे परिषद के सदस्य मास्क और दस्ताने पहनकर झाड़ू से मार्ग की सफाई करते और कचरा उठाते नजर आए. नायब शहर काजी अलीम ने भी सफाई अभियान में सहभागिता की. भाजपा नेता राजू चौकसे और उनकी टीम ने परिषद सदस्यों का स्वागत किया. नगर पालिका ने भी पहल की सराहना करते हुए सभी वर्गों से स्वच्छता अभियान से जुड़ने का आह्वान किया. आयोजन में अथर खान, इमाम शाह, असलम भारती, अनस बेग, सोहेल खान, जमील खान, शकील खान, शाकिर शाह, मोइन कुरैशी, युनुस कुरैशी, मुबीन कुरैशी, एजाज खान, रेहान मिर्जा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे.

## नेत्रदान से लौटाई जा सकती है कई लोगों की रोशनी

**पिपरिया.** सिविल अस्पताल पिपरिया में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित की गई. नेत्रदान पखवाड़ा प्रतिवर्ष 25 अगस्त से 8 सितंबर तक मनाया जाता है. कार्यशाला में नेत्रदान के महत्व और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के संबंध में जानकारी दी गई.

खंड चिकित्सा अधिकारी एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार देजबार ने बताया कि भारत में अंधत्व के प्रमुख कारणों में कॉर्नियल ब्लाइंडनेस भी शामिल है. इसे आम बोलचाल में आंखों में सफेद धब्बा या सफेदी पड़ना कहा जाता है. इसका उपचार नेत्रदान से प्राप्त कॉर्निया की ग्राफ्टिंग से किया जा सकता है.

## जीरो वेस्ट इवेंट कार्यक्रम के तहत आयोजन जारी

**नर्मदापुरम.** ईद मिलादुन्नवी के मौके पर निकाले गए जुलूस में नपा द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया. जिसमें जीरो वेस्ट इवेंट को ध्यान में रखते हुए जुलूस के पीछे अलग से वाहन चलाया गया और जुलूस पर हुई पुष्प वर्षा के अवशेष के साथ ही प्लास्टिक की वस्तुओं को सड़क से तत्काल हटाया गया. इस कार्य में मुस्लिम बंधुओं द्वारा भी विशेष सहयोग किया गया. स्वच्छ भारत अभियान नोडल अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में समूचे नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया. साथ ही ईद मिलादुन्नवी त्यौहार पर निकाले जुलूस के पीछे जीरो वेस्ट को ध्यान में रखते हुए वाहन चलाए गए.

# ट्रांसफार्मर के फॉल्ट से पानी सप्लाई प्रभावित

## नपा अध्यक्ष ने दिए स्थायी समाधान के निर्देश

**इटारसी,26 अगस्त.न्यास कॉलोनी क्षेत्र में बार-बार विद्युत फॉल्ट के कारण बिगड़ रही जल वितरण व्यवस्था को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया. उन्होंने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता डीलन पटेल से चर्चा कर समस्या का स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए.**



न्यास कॉलोनी स्थित संपवेल और पानी की टंकी के संचालन के दौरान दो अलग-अलग विद्युत ट्रांसफार्मरों में बार-बार फॉल्ट होने से नागरिकों को परेशानी हो रही थी. संपवेल के ट्रांसफार्मर में खराबी आने से पानी की टंकी समय पर नहीं भर पा रही थी. वहीं सुबह 7 से 8 बजे जल वितरण के समय टंकी परिसर के ट्रांसफार्मर में फॉल्ट होने से घरेलू बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो रही थी. इसका असर पानी की मोटर चलाने वाले नागरिकों पर भी पड़ रहा था. नागरिकों की शिकायत पर नपा अध्यक्ष ने मौके की स्थिति देखी और विद्युत विभाग के अधिकारी से चर्चा कर जल वितरण के समय होने वाले फॉल्ट को रोकने के लिए स्थायी व्यवस्था करने के निर्देश दिए.



# इटारसी में गूंजा मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम

### भव्य जुलूस के साथ बेसहारा बच्चों संग मनाई खुशियां

**इटारसी,26 अगस्त. पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा की पैदाइश के मुबारक मौके पर बुधवार को इटारसी में ईद-उल-मिलादुन्नबी का पर्व अकीदत, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया. शहर की विभिन्न मस्जिदों से जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाले गए.**

जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया. वहीं मस्जिद-ए-हुदा कमेटी ने मुस्कान संस्था के बेसहारा बच्चों के साथ खुशियां बांटकर इंसानियत और सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश की.

सुबह से ही न्यू यार्ड स्थित मस्जिद-ए-हुदा, ग्वाल बाबा मोहल्ला, पीपल मोहल्ला, अवाम नगर, ईदगाह, मस्जिद-ए-नूरानी और नाला मोहल्ला सहित विभिन्न स्थानों से जुलूस निकले. अलग-अलग मार्गों से होते हुए जुलूस मुख्य मार्गों पर पहुंचे और एक साथ मिल गए. बड़ी संख्या में अकीदतमंद सफेद कुर्ता-पायजामा पहनकर और हाथों में इस्लामी परचम लेकर शामिल हुए. डीजे और बैंजो पर बज रही नात-ए-पाक व धार्मिक कलामों से वातावरण रूहानी बना रहा.

### जगह-जगह हुआ स्वागत, बांटा तबर्रुक

जुलूस के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए. लोगों ने शरबत, मिठाई और तबर्रुक वितरित किया. बच्चों के लिए आइसक्रीम, चिप्स, कुरकुरे सहित अन्य खाद्य सामग्री बांटी गई.

### बढ़ी परेशानी — नागपुरकला नई बस्ती की बदहाल सड़क बनी मुसीबत

# 25 साल से सड़क का इंतजार, 1100 ग्रामीण बेहाल

**इटारसी , 26 अगस्त. नागपुरकला नई बस्ती के करीब 1100 ग्रामीण पिछले 20 से 25 वर्षों से सड़क निर्माण का इंतजार कर रहे हैं. गांव की मुख्य एप्रोच रोड बदहाल होने के कारण बारिश के मौसम में ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है. सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढों में पानी भरने और कीचड़ होने से पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है.**



सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है. ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क नागपुरकला नई बस्ती को पांडरी, माहोला, नानूपुरा और डोब सहित आसपास के गांवों से जोड़ती है. सड़क खराब होने से इन गांवों के लोगों को भी आवागमन में परेशानी होती है. ग्रामीणों का कहना है कि ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के डिफेंस क्षेत्र से संबंधित अनुमति नहीं मिलने के कारण सड़क निर्माण लंबे समय से अटका हुआ है.

सरपंच नितुल उईके ने बताया कि सड़क निर्माण का वर्क ऑर्डर जारी हो चुका है. ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से अनुमति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा. ग्रामीण शैलेंद्र चौरे ने बताया कि वे बचपन से सड़क को इसी हालत में देख रहे हैं. बारिश में गड्ढों में पानी भरने और कीचड़ के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है. ग्रामीण संजय भैंसारे ने आरोप लगाया कि नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन डालने के लिए सड़क खोदी गई थी, लेकिन इसके बाद भी लोगों को नियमित पानी नहीं मिल रहा है. कई जगह नलों से पानी की जगह हवा आने की शिकायत है. आंगनबाड़ी भवन के आसपास भी कीचड़ और गंदगी से बच्चों को परेशानी हो रही है.

### कांग्रेस नेताओं ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय और जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रदीप दुबे गांव पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं. पांडेय ने कहा कि ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के महाप्रबंधक से चर्चा कर सड़क निर्माण की अनुमति दिलाने का प्रयास किया जाएगा. नल-जल योजना की समस्या को लेकर केसला जनपद सीईओ से चर्चा करने की बात भी कही. ग्रामीणों ने कहा कि अब उन्हें आश्वासन नहीं, बल्कि सड़क निर्माण का काम शुरू होने का इंतजार है.

## रिमझिम फुहारों में गूंजे श्याम बाबा के जयकारे

**सिवनी मालवा.** सावन के पवित्र महीने में नगर के मेन रोड स्थित श्री श्याम कृपा में 'रिमझिम बरसे पानी' थीम पर भव्य श्याम कीर्तन एवं झूला उत्सव आयोजित किया गया. श्याम प्रेमी सचिन माहेश्वरी के निवास पर बाबा श्याम का आकर्षक दरबार सजाया गया और अलौकिक श्रृंगार किया गया.कार्यक्रम में भजन गायक हार्दिक राठी, बलराम रघुवंशी और उदय ने बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी. सावन की रिमझिम फुहारों के बीच भजनों पर श्याम प्रेमी देर रात तक झूमते रहे. 'सावन का महीना रिमझिम बरसे पानी', 'आया है खाटू से चलकर शीश का दानी' और 'खाटू बुला रहा है' जैसे भजनों पर श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए.

## त्योहार पर वाहन चेकिंग में राहत की मांग

नर्मदापुरम,,26 अगस्त . त्योहारों के मद्देनजर आमजन को आवागमन में होने वाली परेशानी को देखते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने पुलिस अधीक्षक से मोबाइल पर संपर्क कर त्योहार के दौरान अनावश्यक वाहन चेकिंग में राहत देने का अनुरोध किया. उन्होंने कहा कि त्योहार के समय बाजारों और प्रमुख मार्गों पर बड़ी संख्या में लोग खरीदारी एवं अन्य जरूरी कार्यों के लिए निकलते हैं. ऐसे में लगातार वाहन चेकिंग से आम नागरिकों, व्यापारियों और परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. पांडेय ने पुलिस अधीक्षक से निवेदन किया कि त्योहार के दौरान बाजारों और प्रमुख मार्गों पर अनावश्यक वाहन चेकिंग नहीं की जाए, ताकि लोगों को सुगम आवागमन मिल सके.